This question paper contains 4 printed pages.

Roll No. ....

B.A./B.Sc./B.Com. (Sem. - II)

057208

AEC - HIN

AEC-52T-104

B.A./B.Sc./B.Com. Three/Four Year (Semester - II)

EXAMINATION SESSION 2024-25 (Held in Jul. 2025)

(Ability Enhancement Course)

सामान्य हिन्दी (साहित्य)

Time Allowed: Three Hours

Maximum Marks: 40

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न–पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उसके सामने अंकित हैं।

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर–पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर–पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।

खण्ड – अ के अंतर्गत प्रश्न संख्या 1 अतिलघूत्तरी प्रश्न है, जिसमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम से 12 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 1½ अंक का होगा।

खण्ड – ब के अंतर्गत प्रश्न संख्या 2,3,4,5 सप्रसंग व्याख्या का है, जिसमें इकाई से एक अवतरण (एक पाठ से एक) कुल चार अवतरण आंतरिक विकल्प सहित व्याख्या हेतु पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 3½ अंक का होगा।

खण्ड स के अंतर्गत प्रश्न संख्या 6,7,8,9 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिसमें प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न आंतरिक विकल्प सहित पूछा जाएगा। प्रत्येक प्रश्न 05 अंक का होगा।

खण्ड – अ

1. सभी प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 / 2 अंक का है– 6

   (i) 'ईदगाह' कहानी के नायक का नाम लिखिए।

   (ii) 'उजाले के मुसाहिब' कहानी का संदेश क्या है?

   (iii) 'नाखून क्यों बढते हैं' निबंध के रचनाकार कौन थे?

(iv) 'आज भी खरे हैं तालाव' लेख का मूल प्रतिपाद्य क्या है?

(v) 'नीलू' का स्वभाव कैसा था?

(vi) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' किस विधा की रचना है?

(vii) तुलसीदास किस शाखा के प्रवर्त्तक कवि रहे हैं?

(viii) मीराँ की रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए।

(ix) 'मातृभूमि' कविता किस भावना से ओतप्रोत है?

(x) 'बादल राग–6' कविता के रचयिता कौन हैं?

(xi) अज्ञेय की 'हिरोशिमा' कविता किस घटना पर आधारित है?

(xii) नागार्जुन की 'अकाल और उसके बाद' कविता का प्रकाशन वर्ष क्या है?

खण्ड – ब

2. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

देखते–देखते अँधेरा तो बिल्कुल समाप्त हो गया। घोड़े पर सवार दीवान की खुशी का पार नहीं था। चरवादार को घोड़े की लगाम थमाकर वह तो सीधा रंग–महल पहुँचा। बाहर खड़े–खड़े ही जोर से फरियाद की 'अन्दाता', अँधेरा तो एकदम नष्ट हो गया।

अथवा

दूरी एक छोटा–सा शब्द है। लेकिन राज और समाज के बीच में इस शब्द के आने से समाज का कष्ट कितना बढ़ जाता है, इसका कोई हिसाब नहीं। फिर जब यह दूरी एक तालाब की नहीं, सात समुंदर की हो जाए तो बखान के लिए क्या रह जाता है? 3½

3. कत्ल हुआ है, तो किसी मनुष्य को सजा होगी ही। मारने वाले को होती है, या बेक़सूर को–यह अपने सोचने की बात नहीं हैं। मनुष्य–मनुष्य सब बराबर हैं। सबमें उसी परमात्मा का अंश है। हम भेदभाव नहीं करते। यह पुलिस का मानवतावाद है।

अथवा

उसका रात का कर्त्तव्य भी स्वेच्छा–स्वीकृत और निश्चित था। सबके सो जाने पर वह, गर्मियों में बाहर लॉन पर और सर्दियों में बरामदे में तख्त पर बैठकर पहरेदारी का कार्य करता। रात में कई–कई बार वह पूरे कम्पाउण्ड का और पशु–पक्षियों के घर का चक्कर लगाता रहता। रात चाहे उजाली हो चाहे बादल गरज रहे हों, चाहे आंधी चल रही हो, उसके चक्कर को विराम नहीं था।

3½

4. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए–

खेलन मैं को काको गुसैयाँ।

हरि हारे जीते सुदामा, वरबस हीं कत करत रिसैयाँ।

जांति पांति हमतैं बड़ नाहीं, नाहीं बसत तुम्हारी छैयां।

अति अधिकार जनावत यातैं जातैं अधिक तुम्हारी गैयाँ।

रूठहि करै तासौं को खेलै, रहे बैठि जहँ–तहँ गैया।

सूरदास प्रभु खेल्यौइ चाहत, दाउँ दियौ करि नंद–दुहैयां।।

अथवा

महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर।

जाकें अस रथ होइ दृढ़ सुनहु सखा गतिधीर।।

सुनि प्रभु बचन बिभीषन हरषि गहे पद कंज।

एहि मिस मोहि उपदेसेहु राम कृपा सुख पुंज।। 3½

5. प्राइवेट बस का ड्राइवर है तो क्या हुआ,

सात साल की बच्ची का पिता तो है।

सामने गियर से उपर

हुक से लटका रक्खी हैं

कांच की चार चूड़ियाँ गुलाबी

बस की रफ़्तार के मुताबिक

हिलती रहती है........

अथवा

क्षमामंयी, तू दयामयी है, क्षेममयी है।

सुधामयी, वात्सल्यमयी, तू प्रेममयी है।।

विभवशालिनी, विश्वपालिनी, दुःखहर्त्री है।

भयनिवारिणी, शान्तिकारिणी, दुःखहर्त्री है।।

हे शरणदायिनी देवि, तू करती सब का त्राण है।

हे मातृभूमि! सन्तान हम, तू जननी, तू प्राण है।। 3½

खण्ड – स

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

6. 'ईदगाह' कहानी के आधार पर हामिद का चरित्र चित्रण कीजिए।

अथवा

'शरत के साथ विताया कुछ समय' संस्मरण का सार अपने शब्दों में लिखिए। 5

7. 'नाखून क्यो बढ़ते हैं' निबंध के आलोक में हजारी प्रसाद द्विवेदी की निबंध–कला की विशेषताएँ बताइए।

अथवा

'राष्ट्रपति राधाकृष्णन से भेट' डायरी में व्यक्त रामधारी सिंह 'दिनकर' के विचारों पर प्रकाश डालिए। 5

8. संकलित साखियों के आधार पर कबीर की काव्य–कला को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

तुलसीदास जी की भक्ति–भावना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 5

9. निराला द्वारा रचित 'वह तोड़ती पत्थर' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'हिरोशिमा' कविता के माध्यम से अज्ञेय जी ने क्या संदेश दिया है? वर्णित कीजिए। 5